जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2024/1941 दिनांक : 02/12/2024

/ / संशोधित–अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **M.Ed. Ist Semester Exam Dec. 2024 (For College - Regular, Ex & ATKT Students)** की परीक्षाओं में सम्मिलित वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की संशोधित तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं। **(दिनांक 19 जुलाई 2024 को सम्पन्न कार्यपरिषद् की बैठक के कार्यविवरण में पद क्रमांक–23 के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि की प्रक्रिया निर्धारित की गई है।)**

	विवरण	परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथि
1	परीक्षा आवेदन-पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि	04.12.2024
2	परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रू. 500/- के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि	05.12.2024
3	परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रू. 1000/- के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि	06.12.2024
4	परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रू. 2000/- के साथ अध्ययनशाला/महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	07.12.2024
5	परीक्षा आवेदन-पत्र महाविद्यालय/अध्ययनशाला द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	09.12.2024

परीक्षार्थियों से निम्नानुसार शुल्क लिया जाना है :–

M.Ed. Ist Semester	नियमित	भूतपूर्व	ए.टी.के.टी. (01 विषय)
परीक्षा शुल्क	2100/-	2415/-	578/-
परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क छात्र कल्याण शुल्क एवं क्रीड़ा शुल्क	164/-	80/-	80/-
अग्रेषण शुल्क,परीक्षा संचालन शुल्क का विश्वविद्यालयीन भाग	85/-	85/-	85/-
कुल योग परीक्षा शुल्क	2349/-	2580/-	743/-

विशेष नोट :– उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क तथा परीक्षा संचालन शुल्क का महाविद्यालयीन भाग रू0 215/– प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय के द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा कराया जायेगा।

1. परीक्षा के आवेदन-पत्र एवं चालान ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें आप एम0पी0ऑनलाईन के G2G लॉगिन आइडी से महाविद्यालय Approved के उपरांत डाउनलोड कर कर परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं।
2. **अधिकृत महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि छात्र के विषय एवं उसकी पात्रता नियमानुसार है अथवा नहीं ? यदि किसी भी छात्र का परीक्षा आवेदन-पत्र पात्रता न होने बावजूद भी अग्रेषित किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी ।**
3. **अधिकृत महाविद्यालय के प्राचार्यो एवं छात्रों को सूचित किया जाता है कि यह अंतिम अवसर है इसके उपरांत तिथियों में कोई परिवर्तन करना संभव नहीं होगा । ऐसे समस्त छात्र निर्धारित तिथि में ही अपना परीक्षा आवेदन-पत्र भरना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित तिथि में छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म नहीं भरा जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य एवं स्वयं छात्रों की होगी।**

4. अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन किये बिना किसी भी विद्यार्थी का परीक्षा फार्म संबंधित अध्ययनशाला/महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जाये।

5. संबंधित अध्ययनशाला/महाविद्यालय द्वारा प्रेषित विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन के बिना मान्य नहीं किये जावेगें।

6. यदि इस संबंध में बिना अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) पंजीयन के परीक्षा फार्म प्रेषित अथवा स्वीकृत किये जाते हैं तो सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित अध्ययनशाला/महाविद्यालय की होगी।

7. परीक्षा आवेदन-पत्र में निर्धारित स्थान पर ABC आईडी भरा जाना है। महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन-पत्र एप्रूव करते समय ABC आईडी को सत्यापित करने की सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अध्ययनशाला/महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष/प्राचार्य का होगा। परीक्षा आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी के साथ ABC आईडी की कम्प्यूटर जनरेटेड प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

विशेष नोट :- समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय के प्रथम सेमेस्टर के समस्त नामांकन आवेदन पत्र तत्काल विश्वविद्यालय में जमा करें। जमा न करने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि आपके महाविद्यालय में कोई भी छात्र नामांकित नहीं है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. श्री एच.के. द्विवेदी, प्रभारी आई.टी. सेल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक